प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में तमिलनाडु के कल्पक्कम में परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह परमाणु सयंत्र पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है और ब्रीडर रिएक्टर बिजली उत्पादन के अलावा भविष्य के लिए नया ईंधन विकल्प भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब 56 गीगावाट से अधिक हो गई है। पिछले वर्ष ही इसमें लगभग 6 गीगावाट की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत पवन ऊर्जा के क्षेत्र में चौथे स्थान पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास के लिए सौर व पवन ऊर्जा आवश्यक हैं और इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने 6 दिवसीय आधिकारिक दौरे पर कल से हिमाचल आ रही हैं। वे कल शिमला पहुंचेंगी और छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति का 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बातचीत भी करेंगी और ऐतिहासिक अटल टनल रोहतांग के बारे में जानकारी हासिल करेंगी। इसके अलावा 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई को शिमला से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं और शिमला में एक हज़ार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पालमपुर, मनाली और अटल टनल रोहतांग सहित अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

सोलन चुनाव

प्रदेश में 51 नगर निकायों में 17 मई को होने वाले मतदान के लिए 29 व 30 अप्रैल और 2 मई को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। प्रशासन ने इन चुनावों को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इसके अलावा आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भी मतदाता सूचियां तैयार की जा रही हैं। सोलन ज़िले की 2 सौ एक पंचायतों की मतदाता सूचियां तैयार कर ली गई हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने बताया कि कल 27 अप्रैल को सभी पंचायतों की मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

....